# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा
संख्या-01
ई०।

द्वितीय सत्र(बजट)
शुक्रवार, दिनांक-27 फरवरी, 2015

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 11.40 बजे पूर्वा० तक।
माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1. अध्यक्ष का प्रारंभिक वक्तव्य

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा ऋतुराज वसंत के इस मौसम में शुरू हुए चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय सत्र के अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया तथा सत्र के दौरान, विशेषकर नये माननीय सदस्यों को चर्चा में पर्याप्त अवसर प्रदान किये जाने की बात कही गयी।इस सत्र के दौरान आनेवाले विषयों के सार-संक्षेप को स्पष्ट करते हुए माननीय सदस्यों से आसन की भावनाओं का ख्याल रखने हेतु अनुरोध भी किया गया।

### 2.सभापति तालिका की घोषणा

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम- 10 (1) के अधीन चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय सत्र(बजट) के लिए निम्नांकित माननीय सदस्यों को आसन द्वारा सभापति मनोनीत किया गया-

| | |
|---|---|
| i- श्री राधाकृष्ण किशोर, | स०वि०स०, |
| ii- श्री अशोक कुमार, | स०वि०स०, |
| iii- श्री रवीन्द्र नाथ महतो, | स०वि०स०, |
| iv- श्रीमती विमला प्रधान, | स०वि०स० एवं |
| v- श्रीमती गीता कोड़ा, | स०वि०स०। |

### 3. समिति का गठन

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम- 224(1) के तहत चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय सत्र(बजट)के लिये कार्यमंत्रणा समिति का गठन निम्न रूप से किया गया-

| | | |
|---|---|---|
| श्री दिनेश उराँव, | अध्यक्ष, विधान सभा, | सभापति, |
| श्री रघुवर दास, | मुख्यमंत्री, | सदस्य, |
| श्री हेमन्त सोरेन, | नेता प्रतिपक्ष, | सदस्य, |
| श्री सरयू राय, | संसदीय कार्य मंत्री, | सदस्य, |

(क्र० पृ० उ०)

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, मंत्री, सदस्य,
श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०, सदस्य,
श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०, सदस्य।

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, मंत्री,
श्री बिदेश सिंह, स० वि० स०,
श्री अरुप चटर्जी, स० वि० स०,
श्रीमती गीता कोड़ा, स० वि० स०,
श्री भानु प्रताप शाही, स० वि० स०,
श्री एनोस एक्का, स० वि० स०,
श्री राज कुमार यादव, स० वि० स०,
श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता, स० वि० स०,
श्री कुणाल षडंगी, स० वि० स० एवं
श्री अनन्त कुमार ओझा, स० वि० स०।

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे। समिति की बैठक आज सभा की कार्यवाही के स्थगनोपरांत अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा के कार्यालय कक्ष में आयोजित किये जाने सम्बन्धी सूचना आसन द्वारा देते हुए सदस्यों से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया।

## 4. अनुमत विधेयकों की सूची सभा पटल पर रखा जाना

सभा सचिव द्वारा गत सत्र में स्वीकृत तथा राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों की निम्न विवरणी सदन पटल पर रखी गयी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड प्रिवेन्सन एण्ड कंट्रोल ऑफ एग्रीकल्चरल पेस्टस डिसीसेस एण्ड नॉक्सिएस वीड्स (संशोधन) विधेयक, 2014 | 09.01.2015 | 01/2015 |
| 2. | झारखण्ड विनियोग (संख्या-01), विधेयक, 2015 | 21.01.2015 | 02/2015 |

## 5. वित्तीय कार्य

भारत के संविधान के अनुच्छेद- 203 के अनुसरण में श्री सरयू राय, प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष- 2014-15 के तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी सभा पटल पर उपस्थापित की गयी। तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरण पर माननीय सदस्य अपने कटौती-प्रस्ताव की सूचना आज दिनांक-27.02.2015 के 5.00 बजे अप० तक दे सकेंगे, सम्बन्धी घोषणा आसन से की गयी।

(क्र० पृ० उ०)

## 6. कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना

झारखण्ड विकास मोर्चा के छः माननीय विधायकों द्वारा भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित होने के विरूद्ध दिये गये कार्य-स्थगन प्रस्ताव की ओर माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव एवं श्री नलिन सोरेन, स० वि० स० द्वारा आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया और इस पर चर्चा की माँग की जाने लगी, लेकिन प्रस्ताव के नियमानुकूल नहीं होने तथा मामला न्यायाधिकरण के समक्ष लम्बित होने के फलस्वरूप आसन द्वारा इसे अमान्य कर दिया गया। माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने संविधान की 10वीं अनुसूची में उल्लिखित नियमों का हवाला देते हुए इस मामले की जाँच सी.बी.आई. अथवा न्यायिक आयोग से कराये जाने की माँग की गयी। माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी भी उक्त कार्य स्थगन प्रस्ताव के समर्थन में कुछ कह रहे थे जो शोर-गुल के कारण स्पष्ट सुनाई नहीं दे रहा था। इसके उपरांत माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा 10वीं अनुसूची में उल्लिखित नियमों के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट की गयी।

## 7. शोक-प्रकाश

विगत सत्र से अब तक की अवधि में दिवंगत हुए महत्त्वपूर्ण राजनेताओं, समाजसेवियों, कलाकारों, लेखकों और पत्रकारों यथा- रामेश्वर ठाकुर, महेन्द्र महतो, भोला राय, आर.आर. पाटिल, धर्मपाल सिंह, यशवंत कुमार चौधरी, रजनी कोठारी, आर.के. लक्ष्मण, प्रो० तुलसी राम, भाजपा के वरिष्ठ नेता, फाल्गुनी प्रसाद यादव, रामरूप हरिजन, संकटेश्वर सिंह, गोरखा लिबरेशन फ्रंट के संस्थापक सुभाष घीसिंग, भाकपा नेता, गोविंद पंसारे, प्रख्यात पत्रकार, साहित्यकार एवं रचनाधर्मी कुशेश्वर ठाकुर, 13 फरवरी, 2015 को बेंगलुरू से एर्नाकुलम जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस की दुर्घटना में मृत 9 लोगों, 20 जनवरी, 2015 को नक्सली हमले में शहीद दुखिया मुर्मू के दिवंगत आत्माओं के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी। इसी क्रम में माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास, माननीय नेता, प्रतिपक्ष श्री हेमन्त सोरेन, माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम, माननीय मंत्री, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, श्री राज कुमार यादव एवं श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता द्वारा भी शोक संवेदनायें प्रकंट की गयी। माननीय सदस्य, श्री मेहता द्वारा उत्तर प्रदेश के चन्दौली में छत के ढ़हने से झारखण्ड के मृत चार मजदूरों के प्रति गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की गयी। इसके उपरांत दो मिनट का मौन रखा गया तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही सोमवार, दिनांक-02.03.2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,

दिनांक- 27 फरवरी, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।